सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना
Member of Parliament Local Area Development Scheme

अनिल कुमार चौधरी
निदेशक
ANIL KUMAR CHOUDHARY
DIRECTOR
TEL : 23344933
FAX : 23364197

सत्यमेव जयते

भारत सरकार
सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय
211, सरदार पटेल भवन, नई दिल्ली -110001
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF STATISTICS & PROGRAMME IMPLEMENTATION
211, SARDAR PATEL BHAVAN, NEW DELHI-110001
E-mail : akchoudhary@nic.in

सं.सी-06/2009-एमपीलैड्स

24.08.2011

सेवा में,

सभी राज्य/संघ शासित राज्यक्षेत्रों के नोडल सचिव

विषयः जिला स्तर पर एमपीलैड योजना के लेखाओं की लेखा परीक्षा करने के संबंध में ।

एमपीलैड्स दिशा-निर्देशों में वर्तमान प्रावधानों के अनुसार यह राज्य/संघ शासित सरकार का उत्तरदायित्व है कि वह प्रत्येक जिला प्राधिकारी के एमपीलैड्स लेखाओं की लेखा परीक्षा करने के लिए राज्य के महालेखाकार के साथ विचार-विमर्श करके लेखा परीक्षकों की नियुक्ति करे । राज्यों में कार्यान्वयन स्तर पर एमपीलैड्स निधियों की लेखा परीक्षा, चार्टेड एकाउंटेंट द्वारा की जाती है । इस प्रावधान के अंतर्गत लेखा परीक्षकों की नियुक्ति ऑडिटीज पर छोड़ी जा रही है । लेखा परीक्षा करने के वर्तमान प्रावधान नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के मानक एवं मानदण्डों के अनुसार नहीं है ।

2. भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणी को ध्यान में रखते हुए सभी राज्य/संघ राज्यक्षेत्रों के नोडल विभागों से अनुरोध है कि वे भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा निर्धारित मानक एवं मानदंडों के अनुसार (नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की ओर से) राज्य के महालेखाकार द्वारा उपलब्ध कराए गए पैनल से जिला स्तर पर लेखा परीक्षकों की नियुक्ति करें । नियुक्त किए गए लेखा परीक्षकों को संबंधित जिला प्राधिकारी को जिलावार/निर्वाचन क्षेत्र वार लेखा परीक्षा प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा ।

3. सभी राज्य के नोडल विभागों से अनुरोध है कि वे एमपीलैड्स लेखाओं की लेखापरीक्षा करने के लिए लेखा परीक्षकों की नियुक्ति करते समय उपर्युक्त प्रावधानों का कड़ाई से अनुपालन करें ।

भवदीय,

(ए.के. चौधरी)

आवश्यक कार्यवाही के लिए प्रतिलिपिः

1. सभी जिला प्राधिकारी
2. एमपीलैड्स संबंधी लोकसभा/राज्यसभा समिति
3. एनआईसी को एमपीलैड्स वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु ।